| Date of order or proceeding | Order or proceeding with Signature of Presiding Officer | Signature of Parties or Pleaders where necessary |
|---|---|---|
| 17.06.2026 | राज्य द्वारा ए.डी.पी.ओ.।<br>आवेदक महेशचन्द्र पुरोहित सहित श्री नितिन चौबे अधिवक्ता उपस्थित।<br>प्रकरण केस डायरी प्राप्ति/आवेदन पर तर्क हेतु नियत है।<br>आरक्षी केंद्र कोतवाली जिला देवास से प्रतिवेदन प्राप्त।<br>आवेदक **महेशचन्द्र पुरोहित पिता जगन्नाथ पुरोहित, उम्र–83 वर्ष, निवासी–कालानी बाग तहसील व जिला देवास म.प्र.** की ओर से एक आवेदन पेश कर होल्ड की गयी राशि 75,400/–(पिच्चतर हजार चार सौ रूपये मात्र) सुपुर्दगी पर दिये जाने का निवेदन किया गया है।<br>आवेदन संक्षेप में इस प्रकार है कि आवेदक के बैंक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा देवास के खाता कं 53048970196 जिसका आईएफएससी कोड SBIN0012291 से 75,400/–(पिच्चतर हजार चार सौ रूपये मात्र) का सायबर फॉड किया गया, जिस पर से पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त राशि होल्ड करा दी गयी थी। उक्त होल्ड राशि को आवेदक द्वारा अपने बैंक में लौटाये जाने का निवेदन किया गया है।<br>उभयपक्ष को सुना गया।<br>प्रतिवेदन का अवलोकन किया।<br>प्रतिवेदन के अवलोकन से दर्शित होता है कि आवेदक के साथ सायबर फॉड होने पर आवेदक द्वारा थाना कोतवाली पर शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिसका एक्नोलेजमेंट नंबर 32106260024533 हैं, जिसके संबंध में थाना कोतवाली जिला देवास द्वारा फॉड राशि को होल्ड कराने हेतु साईबर सेल की सहायता से पंजाब नेशनल बैंक के खाता कं 2461000100171968 जिसका आईएफएससी नंबर PUNB0630300 में 75,400/–(पिच्चतर हजार चार सौ रूपये मात्र) की राशि होल्ड कर दी गयी थी। पुलिस थाना कोतवाली की ओर से सुपुर्दगी आदेश में उक्त राशि आवेदक को लौटाये जाने पर कोई आपत्ति भी प्रकट नहीं की है। अतः अकारण ही आवेदक की राशि को होल्ड पर रखा जाना उचित दर्शित नहीं होता है।<br>अतएव आवेदक की ओर से प्रस्तुत आवेदन **स्वीकार** कर आदेशित किया जाता है कि यदि आवेदक राशि 75,400/–(पिच्चतर हज़ार चार सौ रूपये मात्र) का सुपुर्दगीनामा मय शपथ पत्र प्रस्तुत करें तो संबंधित थाना प्रभारी उक्त होल्ड राशि आवेदक/सुपुर्दगीदार के बैंक, | |

315—DCGCPB—11-12-24—5,00,000.

# Order Sheet [Contd]

Case No. . . . . . . . of 20 . . . . . . .

| Date of Order or Proceeding | Order or proceeding with Signature of Presiding Officer | Signature of Parties or Pleaders where necessary |
|---|---|---|
| | भारतीय स्टेट बैंक शाखाा देवास के खाता क्रं 53048970196 जिसका आईएफएससी कोड SBIN0012291 में स्थानांतरण करवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।<br>सुपुर्दगी पर उपरोक्त 75,400 / –(पिच्चतर हजार चार सौ रूपये मात्र) की राशि आवेदक के खाते में स्थानांतरण किये जाने के संबंध में निम्नलिखित शर्तें अधिरोपित की जाती हैं :–<br>1. आवेदक प्रकरण में किसी भी कार्यवाही में आवश्यकता प्रकट होने पर न्यायालय द्वारा आदेश किये जाने पर उपरोक्त राशि अथवा उससे संबंधित अंतरण के दस्तावेज और जानकारी न्यायालय के निर्देशानुसार जमा करेगा।<br>प्रस्तुत प्रतिवेदन मय दस्तावेज संबंधित थाना को लौटाया जाये।<br>विविध कार्यवाही समाप्त। रिमांड कार्यवाही के साथ संलग्न हो / अंतिम प्रतिवेदन के साथ संलग्न हो।<br>**नीलेन्द्र कुमार तिवारी**<br>न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी<br>देवास (म.प्र.)<br>**<u>पुनश्चः–</u>**<br>आदेश के पालन में सुपुर्ददार / आवेदक **<u>महेशचन्द्र पुरोहित पिता जगन्नाथ पुरोहित, उम्र–83 वर्ष, निवासी–कालानी बाग तहसील व जिला देवास म.प्र.</u>** द्वारा राशि 75,400 / –(पिच्चतर हजार चार सौ रूपये मात्र) का सुपुर्दनामा मय शपथ पत्र पेश किया गया। उक्त सुपुर्ददार की पहचान श्री नितिन चौबे अधिवक्ता द्वारा की गयी।<br>उक्त सुपुर्दनामा बाद तस्दीक स्वीकृत।<br>**नीलेन्द्र कुमार तिवारी**<br>न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी<br>देवास (म.प्र.) | Purohit |